Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 07-03-2007

Participants : Gangwar Shri Santosh Kumar

Title: Need to acquire and run the closed Synthetic Chemicals factory in Bareilley, Uttar Pradesh -laid.

श्री संतोा गंगवार (बरेली) : महोदय, बरेली, उत्तर प्रदेश में स्थित निजी सिन्थेटिक्स केमिकल्स, जो कृत्रिम रबड़ बनाने की फैक्ट्री है पिछले सात वााँ से बंद पड़ी है। इस फैक्ट्री में कार्यरत स्थायी तथा अस्थायी कर्मचारियों के देयों का भी भुगतान नहीं किया गया है। यह फैक्ट्री एशिया की एकमात्र रबड़ बनाने की फैक्ट्री है। परन्तु, प्रबंधन की नीतियों के कारण बंद पड़ी है जिससे इसमें कार्यरत कर्मचारियों के परिवारों के सामने भुखमरी की स्थिति पैदा हो गयी है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूं कि इस बंद पड़ी फैक्ट्री को अधिगृहीत कर चलाने तथा कर्मचारियों के बकाया देयों के भुगतान का प्रबंध किया जाये।